जी-20 शिखर सम्मेलन की कुछ बैठकों की मेजबानी हरियाणा को मिली

चर्चा में क्यों?

12 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली के हरियाणा भवन में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 शिखर सम्मेलन की कुछ बैठकों की मेजबानी हरियाणा को मिली है। इस ऐतिहासिक मेजबानी के लिये हरियाणा ने तैयारी भी शुरू कर दी है।

प्रमुख बिंदु

- ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पहली बार जी-20 ग्रुप की बैठकों की अध्यक्षता कर रहा है। इस सम्मेलन में 30 राष्ट्रों के अलावा 5 आमंत्रित सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन की कुछ बैठकें गुरुग्राम में मार्च में आयोजित होनी प्रस्तावित हैं और इसकी सफलता के लिये सभी प्रबंध समय पर सुनिश्चित किये जाएंगे ताकि भारत की 'अतिथि देवो भव' के साथ हरियाणा की समृद्ध संस्कृति की अमिट छाप और गुरुग्राम-एक ग्लोबल सिटी का संदेश भी सभी जी-20 सदस्य देशों में जाए।
- उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जी-20 सदस्य देशों के शिष्टमंडल की सुविधा हेतु लायजन ऑफिसर लगाए जाएँ साथ ही, संभावित बैठकों के स्थल व उसके आस-पास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किये जाएँ। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये आयोजन स्थल के पास अस्पतालों को भी चिह्नित करें।
- मुख्यमंत्री ने हैरिटेज एवं पर्यटन विभाग व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न देशों के शिष्टमंडल का हरियाणा में आगमन होगा तो उन्हें राज्य की संस्कृति व विरासत से परिचय करवाने हेतु विशेष प्रबंध किये जाएँ।
- आयोजन स्थल पर हरियाणा थीम कॉर्नर भी स्थापित किया जाए, जहाँ मेहमानों के लिये हरियाणा के विकास गाथा से संबंधित जानकारी उपलब्ध हो और साथ ही सांस्कृतिक विरासत की झलकियाँ भी उन्हें देखने को मिल सके।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान ही अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला भी आयोजित होने वाला है। जी-20 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों को भी इस मेले में आमंत्रित किया जाएगा। इस मेले के माध्यम से सभी मेहमानों को न केवल हरियाणा बल्कि देश-विदेश के कलाकारों की कलाकृतियाँ, हथकरघा, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक ताने-बाने की समृद्धि और विविधता देखने को मिलेगी। इस कार्य में गैर-सरकारी संगठनों को भी शामिल किया जाएगा।
- उन्होंने बैठक में बताया कि जी-20 बैठकों के लिये सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है। एडीजीपी कानून एवं व्यवस्था, एडीजीपी सीआईडी, पुलिस आयुक्त गुरुग्राम और गुरुग्राम के उपायुक्त इस टास्क फोर्स के सदस्य हैं।
- रेजिडेंट कमिश्नर, हरियाणा भवन दिल्ली की अध्यक्षता में एक प्रोटोकॉल समिति बनाई गई है और अतिरिक्त आवासीय आयुक्त हरियाणा, पुलिस आयुक्त गुरुग्राम के प्रतिनिधि, उपायुक्त और मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी गुरुग्राम इस समिति के सदस्य हैं।
- कार्यक्रमों के दौरान हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिये सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक, कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक और अतिरिक्त निदेशक, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग को सम्मिलित कर एक सांस्कृतिक समिति बनाई गई है।
- इसके अलावा बैठकों और कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान लॉजिस्टिक सहायता के लिये एक लॉजिस्टिक एवं परिवहन समिति भी बनाई गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-got-to-host-some-meetings-of-g-20-summit